प्रेस नोट

दिनांक 22.07.2024

थाना मौदहा पुलिस द्वारा चोरी के माल सहित 02 वांछित अभियुक्तगण गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर के निर्देशन में अपराध नियन्त्रण व वांछित/वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 21.07.2024 को थाना मौदहा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 292/2024 धारा 303(2)/317(2) बी0एन0एस0 थाना मौदहा से संबन्धित वांछित अभियुक्तगण 1. नरेंद्र शर्मा पुत्र मुन्नीलाल निवासी ग्राम छिरका थाना मौदहा हमीरपुर (उम्र करीब 50 वर्ष) 2. हरिनाम सिंह पाल पुत्र रामसिंह पाल निवासी ग्राम पैलावर थाना राजपुर कानपुर देहात (उम्र करीब 35 वर्ष) को वहद ग्राम छिरका हाइवे के पास से गिरफ्तार कर उनके पास से दो अदद पिपिया जिसमें एक पिपिया में करीब 25 लीटर चोरी का डीजल व एक खाली पिपिया तथा तेल चोरी करने में प्रयोग किये गये पाइप व प्लास्टिक की कीप को बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय भेजा गया।

अवगत कराना है कि दिनांक 21.07.2024 को श्री राजेश वर्मा पुत्र रमाकांत वर्मा निवासी सिंह बिहार पहाड़पुर गल्ला मंडी थाना नौबस्ता जनपद कानपुर नगर के ट्रक से उनके ही ड्राइवर व खलासी तथा एक अन्य व्यक्ति द्वारा ट्रक से डीजल चोरी कर बेच दिए जाने के सम्बन्ध में थाना मौदहा पुलिस को लिखित सूचना दी गई थी, तहरीर के आधार पर थाना मौदहा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 292/2024 धारा 303(2)/317(2) बी0एन0एस0 अभियुक्तों के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः-

1. नरेंद्र शर्मा पुत्र मुन्नीलाल निवासी ग्राम छिरका थाना मौदहा हमीरपुर (उम्र करीब 50 वर्ष)
2. हरिनाम सिंह पाल पुत्र रामसिंह पाल नि0 ग्राम पैलावर थाना राजपुर कानपुर देहात (उम्र करीब 35 वर्ष)

बरामदगी का विवरणः-

दो अदद पिपिया - एक पिपिया में करीब 25 लीटर डीजल व एक खाली पिपिया व तेल निकालने की पाइप व एक कीप ।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 श्री शिवसागर मिश्रा थाना मौदहा
2.का0 धर्मेन्द्र कुमार थाना मौदहा
3.का0 अभिषेक शर्मा थाना मौदहा